UPJB120001072026

**IN THE COURT OF**
**Civil Judge Jr. Div. Hasanpur**
**AT ,Amroha**
**(Presided Over by SUSHRI RASHMI SINGH)**

**Warrant or Summons Criminal Case/52/2026**

**न्यायालय सिविल जज (जू०डि०)/जे०एम, हसनपुर, अमरोहा।**

**पीठासीन अधिकारी - रश्मि सिंह-II - ( उ०प्र० न्यायिक सेवा )**

**परिवाद संख्याः– 19/2026**

**मौ० हनीफ बनाम उमेश आदि**

**दिनांकः– 17.06.2026**

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर कोई उपस्थित नही।

परिवादी का उपरोक्त वाद बतौर परिवाद दिनांक 18.12.2025 को दर्ज हुआ था। उक्त परिवाद परिवादी के बयान अंतर्गत धारा 223 बी.एन.एस.एस. हेतु लम्बित चल रहा है परन्तु उक्त वाद दर्ज होने के बाद से परिवादी विगत कई तिथियों पर न्यायालय में उपस्थित नहीं आया है और न ही परिवादी द्वारा कोई स्थगन प्रार्थना पत्र अपने विद्वान अधिवक्ता के माध्यम से दिया गया है। आज भी लंच बाद समय 3:30 बजे पत्रावली में बार–बार पुकार कराये जाने पर परिवादी द्वारा कोई स्थगन/हाजिरी माफी प्रार्थनापत्र प्रस्तुत नही किया गया है। अतः उपरोक्त तथ्यों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए उपरोक्त परिवाद में बल न दिये जाने के कारण परिवाद निरस्त किये जाने योग्य है।

**आदेश**

उपरोक्त **परिवाद संख्या– 19/2026 परिवादी द्वारा बल न देने के कारण** इसी स्तर पर अंतर्गत **धारा 226 बी.एन.एस.एस.** में **निरस्त** किया जाता है। पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफतर हो।

**(रश्मि सिंह–II)**
न्यायिक मजिस्ट्रेट, हसनपुर,
अमरोहा।
J.O. Code– UP4602